बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–79 / 2020. 2331 पटना, दिनांक :– 21/03/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 26 दिनांक 11.01.2022 द्वारा श्री ओम प्रकाश, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01712) के विरूद्ध स्थानीय असमाजिक व्यक्तियों से साँठ–गाँठ कर सर्वे कार्य में बाधा डालने, शिविर के कर्मियों को डराने–धमकाने, कर्मी के खिलाफ साजिश रचने, शिविर कार्यालय में मारपीट करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप एवं सेवा समाप्ति संबंधी की गयी अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 840 दिनांक 04.04.2022 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

आरोपित द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण पर बंदोबस्त पदाधिकारी, सुपौल से मंतव्य की मांग की गयी। बंदोबस्त पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 1148 दिनांक 20.10.2022 द्वारा मंतव्य प्रेषित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण, बंदोबस्त पदाधिकारी, सुपौल से प्राप्त मंतव्य एवं संचिका में रक्षित अभिलेखों की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि आरोपित का कृत्य एक स्वच्छ कर्मी का नहीं है और इनका अन्य कर्मियों के साथ भी अच्छा संबंध प्रतीत नहीं है। अतः इनके आचरण में सुधार के दृष्टिगत तत्काल मात्र दण्ड स्वरूप बंदोबस्त कार्यालय, सुपौल से स्थानान्तरित करते हुए बंदोबस्त कार्यालय, अररिया पदस्थापित किया जाता है।

2. साथ ही चेतावनी दी जाती है कि यदि भविष्य में इनके विरूद्ध विपरित प्रतिवेदन प्राप्त होता है, तो इनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

(जय सिंह) 21/3/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–79 / 2020. 2331 **पटना, दिनांक** :– 21/03/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सुपौल एवं .... को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–79 / 2020. 2331 **पटना, दिनांक** :– 21/03/2023

प्रतिलिपि :– श्री ओम प्रकाश, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01712), बंदोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–79 / 2020. 2331 **पटना, दिनांक** :– 21/03/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय आदेश संख्या 1250 दिनांक 30.01.2023 के अनुपालनार्थ **प्रेषित।**

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
21/3/23